प्रलिम्सि फैक्ट: 09 अप्रैल, 2021

- [भारतीय ऊर्जा एक्सचेंज]

भारतीय ऊर्जा एक्सचेंज

Indian Energy Exchange

भारतीय ऊर्जा एक्सचेंज (IEX) के विद्युत बाज़ार ने मार्च 2021 के महीने में 8,248.52 MU (मलियिन यूनिट्स) का उच्च स्तर हासलि कयिा है, जसिसे पछिले सभी रकिॉर्ड टूट गए हैं।

प्रमुख बदिु:

- यह भारत में वदि्युत के भौतकि वतिरण, नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाण-पत्र और ऊर्जा बचत प्रमाण-पत्र के लयि एक राष्ट्रव्यापी, स्वचालति व्यापार मंच प्रदान करने वाला पहला और सबसे बड़ा ऊर्जा एक्सचेंज है।
- यह एक्सचेंज उचति मूल्य नर्धिारण में सक्षम बनाता है और व्यापार नष्पिादन की गतिऔर दक्षता को बढ़ाते हुए भारत में वदि्युत बाज़ार तक पहुँच और पारदर्शता को बढ़ाता है।
- यह 'नेशनल स्टॉक एक्सचेंज' (NSE) और 'बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज' (BSE) के साथ सार्वजनकि रूप से सूचीबद्ध कंपनी है।
- यह केंद्रीय वदि्युत नयिामक आयोग (CERC) द्वारा अनुमोदति और वनियिमति है तथा वर्ष 2008 से कार्यरत है।

उद्देश्य:

- उपभोक्ताओं की वहनीय ऊर्जा तक पहुँच स्थापति करने के लयि पारदर्शी और कुशल ऊर्जा बाज़ार स्थापति करके प्रौद्योगकिी और नवाचार का लाभ उठाना।

व्यापारकि प्लेटफॉर्म के रूप में:

वदि्युत का भौतकि वतिरण:

- **डे-अहेड मार्केट (DAM):**
  - यह आधी रात से शुरू होकर अगले 24 घंटों में कसिी भी 15 मनिट के समय के वतिरण के लयि एक भौतकि बजिली बाज़ार है।
- **टर्म अहेड मार्केट (TAM):**
  - TAM के तहत अनुबंध 11 दनिों तक बजिली खरीदने/बेचने हेतु एक सीमा को कवर करता है।
  - यह प्रतभिागियों को इंट्रा-डे कॉन्ट्रैक्ट्स के माध्यम से उसी दनि के लयि आकस्मकि अनुबंध के माध्यम से अगले दनि के लयि, दैनकि अनुबंधों के आधार पर सात दनिों के लयि बजिली खरीदने में सक्षम बनाता है।

नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाण-पत्र (REC):

- REC तंत्र के तहत एक जनरेटर देश के कसिी भी हस्सि में नवीकरणीय संसाधनों के माध्यम से बजिली पैदा कर सकता है।
  - बजिली उत्पादन के रूप में एक जनरेटर की कसिी भी पारंपरकि स्रोत के बराबर लागत होती है जबकि इसकी पर्यावरणीय साख बाज़ार नर्धिारति मूल्य पर एक्सचेंजों के माध्यम से बेची जाती है।
- देश के कसिी भी हस्सि से संबद्ध इकाई अपने 'नवीकरणीय खरीद दायत्वि' (RPO) अनुपालन को पूरा करने के लयि इन REC को खरीद सकती है।
  - संबद्ध इकाइयाँ या तो नवीकरणीय ऊर्जा खरीद सकती हैं या संबंधति राज्यों के RPO के तहत अपने RPO लक्ष्यों को पूरा करने के लयि REC खरीद सकती हैं।

ऊर्जा बचत प्रमाण पत्र:

- ये 'ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी' (BEE) की 'परफॉर्म, अचीव, ट्रेड' (PAT) योजना के तहत जारी होने वाले पारंपरिक प्रमाण-पत्र हैं।
- यह बड़े ऊर्जा-गहन उद्योगों में ऊर्जा दक्षता को प्रोत्साहित करने के लिये एक बाज़ार आधारित तंत्र है।

केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग (CERC):

- CERC भारत में बिजली क्षेत्र का एक नियामक है।
- यह थोक बिजली बाज़ारों में प्रतिस्पर्द्धा, दक्षता और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने, आपूर्ति की गुणवत्ता में सुधार, निवेश को बढ़ावा देने और मांग आपूर्ति की खाई को पाटने के लिये संस्थागत बाधाओं को हटाने पर सरकार को सलाह देने का इरादा रखता है।
- यह विद्युत अधिनियम, 2003 के तहत अर्द्ध-न्यायिक स्थिति के साथ एक सांविधिक निकाय है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-09-april-2021